10/संख्या-391/11-क0नि0-7-15-700(447)/2014

प्रेषक,

अनिल कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त सहायक महानिरीक्षक, निबन्धन,
उत्तर प्रदेश।

कर एवं निबन्धन अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 19 मार्च, 2015

विषय- बेब आधारित विवाह पंजीकरण साफ्टवेयर के परिप्रेक्ष्य में मास्टर डेटा तैयार किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक महानिरीक्षक, निबन्धन के पत्र संख्या- 362/2015 दिनांक 10 फरवरी, 2015 द्वारा आप सभी को वेब आधारित विवाह पंजीकरण के परिप्रेक्ष्य में मास्टर डेटा तैयार करने हेतु दिनांक 20 फरवरी, 2015 तक का समय दिया गया था, किन्तु अभी भी अधिकांश जनपदों द्वारा यह पूर्ण नहीं किया गया है।

2- विवाह पंजीकरण साफ्टवेयर को आनलाइन लागू किये जाने के पूर्व मास्टर डेटा तैयार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अत: आपसे अपेक्षा है कि बिना और अधिक विलम्ब के इस कार्य को दिनांक 24-03-2015 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
प्रमुख सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महानिरीक्षक, निबन्धन, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- समस्त उप महानिरीक्षक, निबन्धन, उत्तर प्रदेश।

(सुधीन्द्र कुमार)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in